भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1043**

जिसका उत्तर सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक) को दिया गया

**गांवों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने की रूपरेखा**

1043. सुश्री इकरा चौधरी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के गांवों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लक्ष्य हासिल कर लिए गए हैं और यदि हां, तो राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कम आबादी वाले क्षेत्रों में बैंक स्थापित करने के लिए कोई विशेष योजनाएं हैं;

(ग) उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीयकृत बैंकों की जिलावार संख्या कितनी है; और

(घ) क्या उत्तर प्रदेश के कैराना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में, विशेष रूप से खुरग्यान और किवाना गांवों में राष्ट्रीयकृत बैंक स्थापित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क) और (ख):** सरकार का प्रयास देश के सभी बसावट वाले गांवों के 5 किलोमीटर के दायरे में बैंकिंग आउटलेट (बैंक शाखा/व्यावसायिक प्रतिनिधि/इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक) की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। बैंकिंग आउटलेट की उपलब्धता की निगरानी जन धन दर्शक (जेडीडी) ऐप जैसे भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित ऐप द्वारा की जाती है। जेडीडी ऐप पर बैंकों द्वारा अपलोड किए गए आकड़े के आधार पर, दिनांक 06.01.2025 की स्थिति के अनुसार 5 किलोमीटर के दायरे में 99.91% गांवों को बैंकिंग आउटलेट (बैंक शाखा/बीसी/आईपीपीबी) से कवर किया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 18 मई, 2017 को जारी परिपत्र के माध्यम से 'शाखा प्राधिकरण नीति के युक्तिकरण' संबंधी संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, "शाखा" शब्द को "बैंकिंग आउटलेट (बीओ)" द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है जिसमें स्थायी शाखाएं और व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) आउटलेट दोनों शामिल हैं, ताकि बैंक ग्राहकों को झंझट-रहित सेवाएं प्रदान करने के लिए लागत प्रभावी तरीके से दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपने नेटवर्क का विस्तार करने में सक्षम हो सके।

इसके अलावा, आरबीआई ने घरेलू अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को देश में किसी भी स्थान पर प्रत्येक मामले में आरबीआई के पूर्व अनुमोदन के बिना शाखा सहित बैंकिंग आउटलेट खोलने की सामान्य अनुमति दी है बशर्ते एक वित्तीय वर्ष के दौरान खोले जाने वाले कुल बैंकिंग आउटलेट का कम

से कम 25 प्रतिशत बिना बैंक वाले ग्रामीण केंद्रों अर्थात 10,000 से कम आबादी वाले केंद्र (टियर 5 और टियर 6 केंद्र),में खोले जाएं।

बैंक,अन्य बातों के साथ-साथ,आरबीआई के निर्देशों, उनकी व्यावसायिक योजनाओं और उनकी वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आलोक में बैंकिंग आउटलेट खोलने के प्रस्तावों पर विचार करते हैं। बैंकिंग आउटलेट खोलने की व्यवहार्यता का और अधिक आकलन करने के लिए बैंक आवश्यकतानुसार सर्वेक्षण करते हैं।

**(ग):** जेडीडी ऐप के अनुसार उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीयकृत बैंकों की जिला-वार संख्या को **अनुबंध** में दिया गया है।

**(घ):** जैसा कि एसएलबीसी यूपी द्वारा सूचित किया गया है, यह सूचित किया जाता है कि गाँव कीवाना से 2 किलोमीटर के दायरे में स्थित लिसढ़ गाँव में केनरा बैंक की एक शाखा है। इसके अलावा, प्रथम यूपी ग्रामीण बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक 5 किलोमीटर के दायरे में कीवाना गांव को बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश (यूपी) के शामली जिले जिसके अंतर्गत कैराना संसदीय क्षेत्र आता है, की बैंकिंग अवसंरचना निम्नानुसार है:

| दिनांक 31.01.2025 की स्थिति के अनुसार शामली जिले का बैंकिंग अवसंरचना | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जिला | शाखा | बीसी | एटीएम | आईपीपीबी |
| शामली | 104 | 1776 | 54 | 91 |

स्रोत: जेडीडी ऐप

******

| दिनांक 10.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1043 के उत्तर में यथा उल्लिखित अनुबंध | | |
|---|---|---|
| **उत्तर प्रदेश में 31.01.2025 तक जिलावार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की शाखाएं** | | |
| क्र. सं. | **जिला** | **बैंक शाखाओं की संख्या** |
| 1 | आगरा | 381 |
| 2 | अलीगढ़ | 190 |
| 3 | अंबेडकर नगर | 104 |
| 4 | अमेठी | 103 |
| 5 | अमरोहा | 73 |
| 6 | औरैया | 68 |
| 7 | अयोध्या | 139 |
| 8 | आजमगढ़ | 203 |
| 9 | बागपत | 107 |
| 10 | बहराइच | 87 |
| 11 | बलिया | 116 |
| 12 | बलरामपुर | 65 |
| 13 | बांदा | 57 |
| 14 | बाराबंकी | 131 |
| 15 | बरेली | 253 |
| 16 | बस्ती | 90 |
| 17 | भदोही | 79 |
| 18 | बिजनौर | 162 |
| 19 | बदायूं | 104 |
| 20 | बुलंदशहर | 179 |
| 21 | चंदौली | 97 |
| 22 | चित्रकूट | 32 |
| 23 | देवरिया | 123 |
| 24 | एटा | 84 |
| 25 | इटावा | 75 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 58 |
| 27 | फतेहपुर | 102 |
| 28 | फिरोजाबाद | 114 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 308 |
| 30 | गाज़ियाबाद | 340 |
| 31 | गाजीपुर | 167 |
| 32 | गोंडा | 117 |
| 33 | गोरखपुर | 265 |
| 34 | हमीरपुर | 54 |
| 35 | हापुड़ | 89 |
| 36 | हरदोई | 159 |
| 37 | हाथरस | 77 |

| | | |
|---|---|---|
| 38 | जालौन | 69 |
| 39 | जौनपुर | 197 |
| 40 | झांसी | 145 |
| 41 | कन्नौज | 66 |
| 42 | कानपुर देहात | 88 |
| 43 | कानपुर नगर | 461 |
| 44 | कासगंज | 47 |
| 45 | कौशाम्बी | 82 |
| 46 | खीरी | 165 |
| 47 | कुशीनगर | 100 |
| 48 | ललितपुर | 59 |
| 49 | लखनऊ | 706 |
| 50 | महोबा | 38 |
| 51 | महराजगंज | 89 |
| 52 | मैनपुरी | 64 |
| 53 | मथुरा | 219 |
| 54 | मऊ | 97 |
| 55 | मेरठ | 348 |
| 56 | मिर्जापुर | 123 |
| 57 | मुरादाबाद | 130 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 205 |
| 59 | पीलीभीत | 107 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 122 |
| 61 | प्रयागराज | 332 |
| 62 | रायबरेली | 200 |
| 63 | रामपुर | 104 |
| 64 | सहारनपुर | 227 |
| 65 | संभल | 52 |
| 66 | संत कबीर नगर | 56 |
| 67 | शाहजहाँपुर | 154 |
| 68 | शामली | 63 |
| 69 | श्रावस्ती | 33 |
| 70 | सिद्धार्थनगर | 72 |
| 71 | सीतापुर | 128 |
| 72 | सोनभद्र | 101 |
| 73 | सुल्तानपुर | 99 |
| 74 | उन्नाव | 128 |
| 75 | वाराणसी | 327 |
| कुल | | **10755** |

स्रोत: जेडीडी ऐप